प्रेस नोट　　　　　पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद　　　　　दिनांक 21.04.2025

थाना साइबर क्राइम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 6108000/- रुपये रिफण्ड, थाना साइबर क्राइम के 02 अभियोगों के साथ अन्य राज्यों की 02 घटनाओं का खुलासा।

थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा साइबर अपराध करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य अभियुक्त नौशाद पुत्र दिलशाद निवासी- गली नं0- 02, हाजीपुरा, नाला पटरी, शामली, उत्तर प्रदेश उम्र करीब 25 वर्ष को साइबर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन, टेलीग्राम चैट के साथ थाना क्षेत्र कोतवाली गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया।

वादी तेजपाल सिंह पुत्र श्री लायक सिंह निवासी 13/137 वसुन्धरा, गाजियाबाद के साथ शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड की घटना हुई, जिसमें वादी मुकदमा को व्हाट्सएप ग्रुप L666-YES Group Phase 7 में जोडा गया तथा फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट WWW.YSTS-VIP.COM में अकाउन्ट खुलवाकर निवेश के बहाने दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 22.03.2025 तक कुल 4,96,58,725/- रूपये भिन्न-2 खातों में ट्रांसफर कराकर ठगी की गई। उक्त घटना के सम्बन्ध में वादी श्री तेजपाल सिंह द्वारा दिनांक 07.04.2025 को थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत कराया गया, जिसमें 6108000/- रुपये रिफण्ड कराये गये हैं। इसके अतिरिक्त दूसरे वादी राम कुमार अग्रवाल निवासी- 405 SVP Gulmohar Residency, Ahinsa Khand II, इन्दिरापुरम गाजियाबाद के साथ शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड की घटना हुई, जिसमें वादी मुकदमा को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर तथा फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट WWW.YSTS-VIP.COM का लिंक भेजकर, फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट में अकाउन्ट खुलवाकर निवेश के बहाने दिनांक 21.02.2025 से दिनांक 25.03.2025 तक कुल 55,50,000/- रुपये भिन्न-2 खातों में ट्रांसफर कराकर ठगी की गई। उक्त घटना के सम्बन्ध में श्री राम कुमार अग्रवाल द्वारा दिनांक 11.04.2025 को थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत कराया गया।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि उनका एक गैंग है, इस गैंग के सदस्य लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप में जोडकर, लिंक भेजकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट WWW.YSTS-VIP.COM में एकाउन्ट खुलवाकर निवेश के बहाने भिन्न-2 खातों में रुपये ट्रांसफर कराकर साइबर फ्रॉड की घटना करते हैं।

पूछताछ पर आगे बताया कि वह दिल्ली निवासी आशीष राहुल के साथ मिलकर गैंग को साइबर फ्रॉड हेतु बैंक खाते उपलब्ध कराता है। बदले में इन लोगों को ट्रांजेक्शन के हिसाब से कमीशन मिलता है।

इस गिरोह के द्वारा फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट WWW.YSTS-VIP.COM एवं साइबर फ्रॉड हेतु खुलवाये गये बैंक खातों का उपयोग कर धोखाधड़ी से शेयर स्टॉक ट्रेडिंग फ्रॉड करने के थाना साइबर क्राइम के 02 अभियोगों सहित 02 अन्य राज्यों की घटनाओं का खुलासा हुआ है। जिसका विवरण इस प्रकार है -

TAMILNADU राज्य के TIRUPPUR जिले के SANKAR GANESH के साथ 24 लाख रुपये, KARNATAKA राज्य के Chikkamangaluru जिले के Panyam Vasudeva के साथ 4252331/-रुपये, उत्तर प्रदेश राज्य के गाजियाबाद जिले के तेजपाल के साथ 4,96,58,725/-रूपये, उत्तर प्रदेश राज्य के गाजियाबाद जिले के राम कुमार अग्रवाल के साथ 55,50,000/- रुपये के साइबर फ्राड की घटनाओं को इस गैंग के द्वारा अंजाम दिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. नौशाद पुत्र दिलशाद निवासी- गली नं0- 02, हाजीपुरा, नाला पटरी, शामली, उत्तर प्रदेश शिक्षा-स्नातक।

बरामदगी का विवरण –

घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन,

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम, कमिश्नरेट गाजियाबाद।

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 20.04.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पर वादी द्वारा एक तहरीर दी कि अभियुक्तों द्वारा वादी के साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से ब्लेड से वार किया गया जिससे वादी को गम्भीर चोट आई तथा वादी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल धारा 109/115(2)/118(1)/352/351(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 21.04.2025 को मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त 1.श्रीपाल पुत्र अमर सिंह निवासी मूल ग्राम खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर हाल पता अण्डा चौक थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र 46 वर्ष 2. संजय पुत्र अमर सिंह नि0 मूल ग्राम खुर्जा देहात जनपद बुलंदशहर हाल पता बंद फाटक धर्मेन्द्र सभासद के मकान वाली गली न्यू रामप्रस्थ विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 52 वर्ष को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि वादी और हम पहले से एक दूसरे को जानते थे और हम पहले एक ही कम्पनी में काम करते थे। उसी दौरान हमारी उससे कहासुनी हो जाती थी, हमने शराब पी रखी थी और मौका पाकर हमने उसके साथ मारपीट की थी और ब्लेड से वार किया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1.श्रीपाल पुत्र अमर सिंह निवासी मूल ग्राम खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर हाल पता अण्डा चौक थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र 46 वर्ष।

2. संजय पुत्र अमर सिंह नि0 मूल ग्राम खुर्जा देहात जनपद बुलंदशहर हाल पता बंद फाटक धर्मेन्द्र सभासद के मकान वाली गली न्यू रामप्रस्थ विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 52 वर्ष।

<u>आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-</u>

अभियुक्तों के विरुद्ध उपरोक्त के सम्बन्ध में थाना लोनी बॉर्डर पर 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।